# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

| कक्षा:-पाँचवीं | विषय:-हिंदी व्याकरण | पाठ:-भाषा और व्याकरण |
|---|---|---|

**<u>भाषा</u>:- भाषा व साधना जिसके माध्यम से हम अपने विचार एक दूसरे को बताते और समझाते हैं।**

**<u>भाषा के रूप:-</u> भाषा के दो रूप होते हैं-**

**<u>१.</u> मौखिक भाषा**
**<u>२.</u> लिखित भाषा**

**१. <u>मौखिक भाषा</u>:- जब हम सुनकर और बोलकर एक दूसरे के विचार समझते-समझाते हैं तब मौखिक भाषा का प्रयोग करते हैं।**

**जैसे:- भाषण देना, बातें करना, रेडियो सुनना आदि।**

**२. <u>लिखित भाषा :-</u> जब हम पढ़कर और लिखकर एक दूसरे के विचार समझते-समझाते हैं तब लिखित भाषा का प्रयोग करते हैं।**
**जैसे:- पत्र लिखना, पुस्तक पढ़ना , अखबार पढ़ना ।**

***हमारे देश में अधिकतर हिंदी भाषा बोली जाती हैं। हिंदी के अतिरिक्त कुछ राज्य में अन्य भाषाएँ बोली जाती हैं।**

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| १- आंध्र प्रदेश | तेलुगू |

| | |
|---|---|
| २-पंजाब | पंजाबी |
| ३-महाराष्ट्र | मराठी |
| ४-बंगाल | बांग्ला |
| ५-ओडिशा | उड़िया |
| ६-कर्नाटक | कन्नड़ |
| ७-गुजरात | गुजराती |

*भारत में बाईस (२२) भाषाओं को मान्यता दी गई है।

* हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। १४ सितंबर १९४९ (1949) को भारत सरकार ने हिंदी को राजभाषा घोषित किया, इस कारण हम भारतवासी प्रतिवर्ष १४ सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

<u>लिपि :-</u> भाषा को लिखने के लिए जिन ध्वनि चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं।

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| हिंदी, संस्कृत | देवनागरी |
| मराठी | देवनागरी |
| पंजाबी | गुरुमुखी |
| उर्दू | फ़ारसी |
| अंग्रेज़ी | रोमन |

<u>व्याकरण</u>:- भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान करने वाला शास्त्र व्याकरण कहलाता है।